# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी कक्षा : छठी

| | |
|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम : वन के मार्ग में** | **समयावधि :** 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** ------------------------------------ | **पूर्णांक :** |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** .............. | **दिनांक :** ....../....../........ |

**निर्देश:-** **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्र. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प खोजकर लिखिए-**

*पुर ते निकसी रघुबीर- वधु, धरि धीर दए मग में डग द्वै ।*
*झलकी भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै ॥*
*फिरि बुझति हैं "चलनो अब केतिक, पर्नकुटी करिहौं कित ह्वे ?* 1
*तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारू चली जल च्वे ॥*

**1 इस सवैये में किसकी व्याकुलता को दर्शाया गया है ?**

(क) सीता
(ख) राम
(ग) लक्ष्मण
(घ) सभी विकल्प सही है

**2. सीता राम से क्या प्रश्न करती है ?** 1

(क) अभी कितनी दूर और चलना है ।
(ख) हमें पर्णकुटी कहाँ बनानी है ।
(ग) हमें घर कब जाना होगा ।
(घ) क और ख दोंनो कथन सही है ।

**3. श्रीराम की आँखों में आँसू क्यों आ गए ?**

I पैरों में छाले पड़ जाने के कारण
II अपने वनवास के बारे में सोचकर 1
III सीता के बारे में सोचकर
IV माता के विछोह के कारन
(क) केवल । सही हैं
(ख) । और ॥ सही हैं
(ग) केवल ।॥ सही हैं
(घ) सभी विकल्प सही हैं

**4. 'चारू' शब्द का अर्थ है -** 1

(क) सुन्दर

(ख) चंद्रमा

(ग) आँखे

(घ) मुख

**5. कविता व कवि के नाम का सही विकल्प होगा ।** 1

(क) वह चिड़िया जो- केदारनाथ अग्रवाल

(ख) साथी हाथ बढ़ाना- साहिर लुधियानवी

(ग) मैं सबसे छोटी होऊ- सुभद्रा कुमारी चौहान

(घ) वन के मार्ग में - तुलसीदास

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. सुमेलित कीजिये -** 1

| | |
|---|---|
| **I. नाजुक** | **क व्यक्तिवाचक संज्ञा** |
| **II. सचिन** | **ख भाववाचक संज्ञा** |
| **III. कक्षा** | **ग जाति वाचक** |
| **IV. आदमी** | **घ समूहवाचक** |

(क) I- क, II-ख, III- घ, IV- ग

(ख) I- ख, II-ग, III- घ, IV- क

(ग) I- ख, II-क, III- घ, IV- ग

(घ) I- ग, II-ख, III- क, IV- घ

**7. पर्यायवाची शब्दों का सही युग्म को चुनिये ।** 1

**I. धरती - भू, भूमि,वसुधा,**

**II. जल - पानी, नीर, कमल**

**III. आकाश - अम्बर , व्योम, गगन**

**IV. सागर - समुद्र, रत्नाकर, जलधि**

(क) केवल I विकल्प सही हैं ।

(ख) I III और IV विकल्प सही है ।

(ग) II III और IV विकल्प सही है ।

(घ) सभी विकल्प सही हैं ।

**8. पुलिस को देखकर चोर ..............................हो गया ।** 1

**निम्नलिखित में से सही मुहावरे का चुनाव करते हुए वाक्य को पूरा कीजिये ।**

(क) आँखों से ओझल होना

(ख) नो दो ग्यारह होना

(ग) ईद का चाँद होना

(घ) काम- तमाम करना

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9. नगर के बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई ?** 2

उत्तर:-

**10. आपने कभी यात्रा की होगी यात्रा के दौरान होने वाली कठिनाई के बारे में लिखिए ।** 2

उत्तर:-

**11. 'वन के मार्ग में' पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में कीजिये ।** 2

उत्तर:-

**12. 'वन के मार्ग में' पाठ के आधार पर राम के जीवन में आने वाली किसी एक कठिनाई के बारे में लिखिए ।** 2

उत्तर:-

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13. 'मेरी वन की यात्रा' पर अनुच्छेद लिखिए -** 4

उत्तर:-

egyanarchive

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 1. | खोजपरक | **उत्तर:-** (क) सीता | 1 |
| 2. | खोजपरक | **उत्तर:-** (घ) क और ख दोंनो कथन सही है । | 1 |
| 3. | खोजपरक | **उत्तर:-** (ग) केवल III सही हैं | 1 |
| 4. | ज्ञानात्मक | **उत्तर:-** (क) सुन्दर | 1 |
| 5. | ज्ञानात्मक | **उत्तर:-** (घ) वन के मार्ग में - तुलसीदास | 1 |
| | | **(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 6. | ज्ञानपरक | **उत्तर:-** (ग) I- ख, II-क, III- घ, IV- ग | 1 |
| 7. | अवबोध | **उत्तर:-** (ख) I III और IV विकल्प सही है । | 1 |
| 8. | ज्ञानपरक | **उत्तर:-** (ख) नो दो ग्यारह होना | 1 |
| | | **(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| 9. | ज्ञानात्मक | **उत्तर:- नगर से बाहर निकलकर दो पग अर्थात थोड़ी दूर चलने के बाद सीता जी के माथे पर पसीने की बूंदें झलकने लगीं। उनके कोमल ओठ सूख गए। वे शीघ्र ही थक गईं।** | 2 |
| 10. | पूर्व ज्ञान | **उत्तर:- छात्र स्वविवेक के आधार पर उत्तर देगा ।** | 2 |
| 11. | अनुभव | **उत्तर:- छात्र स्वविवेक के आधार पर उत्तर देगा ।** | 2 |
| 12. | अनुभव | **उत्तर:- छात्र स्वविवेक के आधार पर उत्तर देगा ।** | 2 |
| | | **(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)** | |
| 13. | रचनात्मकता | **उत्तर:- छात्र स्वविवेक के आधार पर उत्तर देगा ।** | 4 |
| | | | |